प्रेस नोट थाना मदनापुर
जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक – 15.04.2026

"थाना मदनापुर पुलिस टीम द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तो को किया गिरफ्तार"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में, श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना मदनापुर के कुशल नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं चिन्हित अपराधियों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मदनापुर पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण

दिनांक 15/04/26 को वादिनी द्वारा थाना मदनापुर पर दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0अ0 81/2026 धारा 103(1)/115(2)/352/351(3)/3(5) बीएनएस बावत अभियुक्तगण 1.अजयभान सिंह पुत्र धनवीर सिंह आदि द्वारा वादिनी के दरवाजे पर गाली गलौज करना, विरोध करने पर वादिनी के पति को पकडकर मारपीट करना तथा घसीटते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए अपने घर के दरवाजे के पास ले जाकर एक राय होकर वादिनी के पति के सिर में अजयभान सिंह द्वारा नाजायज तमंचे से गोली मार देना जिससे वादिनी के पति की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में पंजीकृत किया गया था।

आज दिनांक 15.04.26 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण 1. अजयभान सिंह पुत्र धनवीर सिंह 2. धनवीर सिंह पुत्र श्यामपाल सिंह निवासीगण ग्राम बरीखास, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर को मुखबिर की सूचना पर चन्दोखा तिराहा से समय 18.10 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्तगण से आलाकत्ल व घटना के आशय के सम्बन्ध मे पूछताछ कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण

1. अजयभान सिंह पुत्र धनवीर सिंह उम्र करीब 30 वर्ष नि0 ग्राम बरीखास, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. धनवीर सिंह पुत्र श्यामपाल सिंह उम्र करीब 52 वर्ष नि0 ग्राम बरीखास, थाना मदनपुर, जनपद शाहजहाँपुर

पंजीकृत अभियोग का विवरण

मु0अ0अ0 81/2026 धारा 103(1)/ 115(2)/352/351(3)/3(5) बीएनएस, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का दिनांक , समय व स्थान

दिनांक 15.04.2026 को समय 18.10 बजे, चन्दोखा तिराहा से।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

प्र0नि0 विश्वजीत प्रताप सिंह
उ0नि0 अंकित चौधरी
का0 रोनिश
का0 भानू प्रताप सिंह
का0 ओमबीर